**21. शारीरिक शिक्षा अध्यापक के पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रमः—** शारीरिक शिक्षा अध्यापक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु परीक्षा की स्कीम निम्नानुसार होगी :—

(1) परीक्षा 460 अंकों की होगी और स्पोर्ट्स/टूर्नामेण्टों में भाग लेने के लिए अधिकतम 40 अंक दिये जायेंगे। (नीचे प्रश्नपत्र—II में उल्लिखित "टिप्पणी" के अनुसार)।

(2) दो प्रश्नपत्र होंगे। प्रश्नपत्र—I 200 अंकों का होगा और प्रश्नपत्र—II 260 अंकों का होगा।

## प्रश्न पत्र—I

1. प्रश्न पत्र अधिकतम 200 अंकों का होगा।
2. प्रश्न पत्र की समयावधि 2.00 घन्टे की होगी।
3. प्रश्न पत्र में बहु विकल्प के 100 प्रश्न होंगे।
4. प्रश्न पत्र में निम्नलिखित विषय होंगे जिनके अंक उनके सामने दर्शाये गये अनुसार होंगे :—

(i) राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामान्य ज्ञान

(ii) राजस्थान की समसामयिक घटनाएँ

(iii) विश्व और भारत का सामान्य ज्ञान

(iv) शिक्षा मनोविज्ञान

5. उत्तरों के मूल्यांकन में नकारात्मक अंकन लागू होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस विशिष्ट प्रश्न के लिए विहित अंकों का एक तिहाई भाग काटा जा सकेगा।

**स्पष्टीकरण :** गलत उत्तर से अशुद्ध उत्तर या एक से अधिक उत्तर अभिप्रेत है।

6. प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 40 प्रतिशत होंगे परन्तु उपर्युक्त नियत प्रतिशत, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के लिए पांच प्रतिशत शिथिल किया जायेगा।

## प्रश्न पत्र—II

1. प्रश्न पत्र अधिकतम 260 अंकों का होगा और (नीचे उल्लेखित टिप्पणी के अनुसार) क्रीड़ा/टूर्नामेन्ट में भाग लेने के लिए अधिकतम 40 अंक प्रदान किये जायेंगे।
2. प्रश्न पत्र की समयावधि 2.00 घन्टे होगी।
3. प्रश्न पत्र में बहुविकल्प के 130 प्रश्न होंगे।
4. उत्तरों के मूल्यांकन में नकारात्मक अंकन लागू होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस विशिष्ट प्रश्न के लिए विहित अंकों का एक तिहाई भाग काटा जा सकेगा।

**स्पष्टीकरण :** गलत उत्तर से अशुद्ध उत्तर या एक से अधिक उत्तर अभिप्रेत है।

5. प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 40 प्रतिशत होंगे परन्तु उपर्युक्त नियत प्रतिशत, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के लिए पांच प्रतिशत शिथिल किया जायेगा।
6. प्रश्न पत्र में निम्नलिखित विषय होंगे जिनके अंक उनके सामने दर्शाये गये अनुसार होंगे :—

(i) सैकण्डरी और सीनियर सैकण्डरी स्तर की शारीरिक शिक्षा का सामान्य ज्ञान

(ii) क्रीड़ा और शारीरिक शिक्षा का सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाएँ और इतिहास

(iii) शारीरिक शिक्षा के सिद्धान्त, परिभाषाएँ और इतिहास

(iv) शिक्षा और खेल मनोविज्ञान

(v) शारीरिक शिक्षा की विधियाँ, पर्यवेक्षण और उसके संगठन

(vi) प्रशिक्षण के सिद्धान्त और विनिश्चय

(vii) मूल शरीर रचना का विज्ञान, उसकी क्रिया और स्वास्थ्य शिक्षा

(viii) मनोरंजन, कैम्प और योग

**स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेने और अर्जित स्थान के प्रमाणपत्र के आधार पर दिये जाने वाले अंक**
**शारीरिक शिक्षा अध्यापक के पदों के लिए स्पोर्ट्स/टूर्नामेण्टों में भाग लेने पर अधिकतम 40 अंक दिये जायेंगे।**
**(नीचे उल्लिखित "टिप्पणी" के अनुसार)**

**टिप्पणी : (I) क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने और अर्जित स्थान के प्रमाण–पत्र के आधार पर प्रदान किये जाने वाले अंक निम्न प्रकार से होंगे :–**

| | |
|---|---|
| 1. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने पर या राष्ट्रीय स्तर पर विजेता | 40 अंक |
| 2. राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान | 36 अंक |
| 3. राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान | 32 अंक |
| 4. राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने पर या राज्य स्तर पर विजेता | 28 अंक |
| 5. राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान | 24 अंक |
| 6. राज्य स्तर पर तृतीय स्थान | 20 अंक |
| 7. राज्य स्तर पर भाग लेने पर या जिला स्तर पर विजेता | 16 अंक |
| 8. जिला स्तर पर द्वितीय स्थान | 12 अंक |
| 9. जिला स्तर पर तृतीय स्थान | 08 अंक |
| 10. जिला स्तर पर भाग लेने पर | 04 अंक |

**टिप्पणी :– (II) स्तर निम्न प्रकार से होंगे :–**

1. जिला स्तर – निम्नलिखित टूर्नामेन्टों को जिला स्तर का माना जायेगा :–
   क. प्रारंभिक शिक्षा विभाग का जिला स्तरीय विद्यालय टूर्नामेन्ट।
   ख. माध्यमिक शिक्षा विभाग का जिला स्तरीय विद्यालय टूर्नामेन्ट।
   ग. संस्कृत शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय विद्यालय टूर्नामेन्ट।
   घ. नवोदय विद्यालय समिति और केन्द्रीय विद्यालय संगठन का सामूहिक (कलस्टर) स्तरीय विद्यालय टूर्नामेन्ट।
   ड. विश्वविद्यालयों का अंतर–महाविद्यालय टूर्नामेन्ट।
2. राज्य स्तर – निम्नलिखित टूर्नामेन्टों को राज्य स्तर का माना जायेगा :–
   क. प्रारंभिक शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय विद्यालय टूर्नामेन्ट।
   ख. माध्यमिक शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय विद्यालय टूर्नामेन्ट।
   ग. नवोदय विद्यालय समिति और केन्द्रीय विद्यालय संगठन का राष्ट्रीय स्तर का विद्यालय टूर्नामेन्ट।
   घ. जोन स्तर पर अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेन्ट।
3. राष्ट्रीय स्तर– निम्नलिखित टूर्नामेन्टों को राष्ट्रीय स्तर का माना जायेगा :–
   क. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विद्यालय खेल टूर्नामेन्ट।
   ख. राष्ट्रीय या इन्टर जोन स्तर पर अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेन्ट।
4. अंतर्राष्ट्रीय स्तर– इनमें से किसी एक संगठन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेन्ट में भाग लेना – भारतीय विद्यालय खेल परिसंघ (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया), विश्वविद्यालय क्रीड़ा संघ (यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एसोसिएशन) या भारतीय क्रीड़ा परिसंघ (स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया)

**टिप्पणी :– (III) स्पोर्टस प्रमाण–पत्रों का सत्यापन :–**

क. स्पोर्टस प्रमाण–पत्रों पर तब ही विचार किया जायेगा यदि वे राजस्थान स्पोर्टस काउंसिल के सचिव या संस्थान के प्रधान द्वारा इस उल्लेख के साथ सत्यापित किये गये हो कि भाग लेने वाला संस्था का नियमित छात्र है।

ख. अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेन्ट में भारतीय विद्यालय खेल परिसंघ, विश्वविद्यालय क्रीड़ा संघ या भारतीय क्रीड़ा परिसंघ के माध्यम से भाग लेने या अर्जित स्थान के स्पोर्टस प्रमाण–पत्र पर तब ही विचार किया जायेगा जब उसे संबंधित परिसंघ/संघ द्वारा सत्यापित किया गया हों।

**पाठ्यक्रम** अलग से बोर्ड की वेबसाईट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

**22. बोर्ड की वेबसाइटः–** अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध सूचना से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नम्बर 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जायेगा।

**(हरि प्रसाद शर्मा)**
**अध्यक्ष**